दैनिक भास्कर 25/01/2024

जीएमएन कॉलेज में बालिका दिवस पर व्याख्यान कराया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी गर्ल्स विंग ने व्याख्यान करवाया। कैडेट्स ने विषय के अनुसार चार्ट बनाए। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कैडेट्स को बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव करने वाली लैंगिक रूढ़ीवादिता को चुनौती देना है। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और अवसर प्रदान करना है। व्याख्यान डॉ. रवनीत ने किया। इस मौके पर 46 कैडेट्स ने भाग लिया।